भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3064

उत्तर देने की तारीख : 23 मार्च, 2021

नेशनल मिशन ऑन लाइब्रेरीज

3064. श्री सतीश चंद्र दुबे :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क्या गत छह महीनों के दौरान 'नेशनल मिशन ऑन लाइब्रेरीज इंडिया' के तहत कोई कार्य आरंभ किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

पिछले छः माह के दौरान, राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) के निम्नलिखित घटकों के तहत कार्य किया गया है :

क. भारतीय संस्कृति पोर्टल : किए गए कार्य का विवरण **अनुलग्नक-क** पर दिया गया है।

ख. एनएमएल मॉडल पुस्तकालयों की स्थापना : इस घटक के अंतर्गत अनुमोदित कार्य से संबंधित निष्पादन और कार्यान्वयन को प्रत्यक्ष रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पुस्तकालय प्राधिकरण द्वारा नियंत्रित किया जाता है। तथापि, विभिन्न पुस्तकालयों को जारी की गई निधियों का विवरण **अनुलग्नक-ख** पर दिया गया है।

अनुलग्नक-क

नेशनल मिशन ऑन लाइब्रेरीज के संबंध में दिनांक 23 मार्च, 2021 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3064 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

भारतीय संस्कृति पोर्टल पर पिछले 6 माह में किए गए कार्यों का ब्यौरा

1. विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत भारतीय संस्कृति पोर्टल में 43,512 डिजिटल अभिलेख शामिल किए गए हैं। श्रेणी-वार ब्यौरा निम्नानुसार है :-

I. दुर्लभ पुस्तकें – 563

II. ई-पुस्तकें – 66

III. अन्य संग्रह- 6

IV. शोध-पत्र – 2

V. रिपोर्टें और कार्यवाही – 32

VI. ऑडियो – 51

VII. पांडुलिपियां – 5,809

VIII. संग्रहालय संग्रह – 10,971

IX. चित्र – 6

X. फोटो अभिलेख – 30

XI. अभिलेख (राष्ट्रीय अभिलेखागार से प्राप्त) – 22,363

XII. वीडियो – 75

XIII. भारत के संगीत वाद्य यंत्र - 486

XIV. खाद्य एवं संस्कृति – 36

XV. अमूर्त सांस्कृतिक विरासत – 272

XVI. कहानियां – 4

XVII. यूनेस्को– 12

XVIII. पेंटिंग्स – 2,622

XIX. फोटो निबंध - 5

XX. भारत के ऐतिहासिक शहर – 1

XXI. भारत के किले – 23

XXII. भारत के वस्त्र और कपड़े – 76

XXIII. वर्चुअल वॉकथ्रू – 1

2. नए कोहा इंस्टेंस में 10,00,000 संदर्भग्रंथ अभिलेख प्राप्त किए गए।
3. संस्कृति मंत्रालय के संगठनों से प्राप्त डेटा के संबंध में 68,830 डिजिटल और 25,709 संदर्भग्रंथ अभिलेखों का मेटाडाटा सृजित करना और उनका संरक्षण करना।
4. प्रयोक्ताओं (यूजर्स) को भारत की संस्कृति से अच्छी तरह अवगत कराने के लिए भारतीय संस्कृति पोर्टल में 5 नई श्रेणियां शामिल की गई हैं जिनमें समाचार-पत्रों की क्लिपिंग, भारत के ऐतिहासिक शहर, भारत के किले, भारत के वस्त्र और कपड़े तथा वर्चुअल वॉकथ्रू शामिल हैं।
5. एंड्रॉएड और उमंग प्लेटफॉर्म के लिए एपीआई का निरंतर विकास करने का कार्य किया गया। भारत का संस्कृति पोर्टल गूगल प्ले स्टोर, उमंग वेबसाइट और उमंग मोबाइल एप्लीकेशन पर उपलब्ध है। आईओएस डिवाइस विकसित करने का कार्य प्रगति पर है।
6. गूगल सर्च पर बेहतर रैंकिंग के लिए भारतीय संस्कृति पोर्टल के सर्च इंजन को ऑप्टीमाइज करने का कार्य किया गया।
7. संस्कृति मंत्रालय के संगठनों के डी-स्पेस और कोहा इंस्टेंसिज जैसे कि राष्ट्रीय पुस्तकालय, आदि सृजित किए गए और उनकी निगरानी की गई। पर्याप्त सहायता भी प्रदान की गई।
8. 2415 डिजिटल वस्तुओं की विषयवस्तु का भारतीय संस्कृति पोर्टल में अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद किया गया।
9. डी स्पेस प्रशिक्षण के लिए अनुदेशात्मक सामग्री नामतः स्पोकन ट्यूटोरियल्स जो स्वयं द्वारा सीखने के लिए उपयुक्त है, संबंधी कार्य को पूरा किया गया और बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण देने के लिए उसकी उपयुक्तता को सत्यापित करने हेतु एक प्रायोगिक कार्यशाला आयोजित की गई।
10. इस पोर्टल में प्रदर्शित करने के लिए अन्य मंत्रालयों और राज्य सरकारों से संगत सामग्री प्राप्त करने हेतु कई पहले की गई हैं।

अनुलग्नक-ख

नेशनल मिशन ऑन लाइब्रेरीज के संबंध में दिनांक 23 मार्च, 2021 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3064 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

एनएमएल मॉडल पुस्तकालयों की स्थापना के लिए के पिछले 6 महीनों में जारी की गई राशि के ब्यौरे

पिछले छह महीनों के दौरान एनएमएल मॉडल पुस्तकालय स्कीम के तहत शुरू किए गए अनुमोदित कार्य के लिए संबंधित राज्यों / संघ राज्य क्षेत्र पुस्तकालय प्राधिकरणों से प्राप्त प्रमाणित दावों और अन्य अपेक्षित दस्तावेज के आधार पर जारी की गई राशि के ब्यौरे निम्नानुसार प्रस्तुत है :

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	पुस्तकालय का नाम	पिछले छह महीनों के दौरान जारी की गई राशि (रुपये में)	प्रयोजन
1.	महाराष्ट्र	राजकीय प्रभागीय पुस्तकालय, औरंगाबाद	7,95,454/-	सोलर लाइट, एलईडी टीवी, सीसीटीवी, एसी, साउंड सिस्टम, वाटर कूलर आदि
2.	राजस्थान	राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकालय, कोटा	7,09,755/-	ई-ग्रंथालय और बारकोडिंग पर ग्रंथसूची डेटा सृजित करना, ब्रेल बुक्स, ई- रिसोर्सेस, सीसीटीवी और पब्लिक मीटिंग एड्रेसल सिस्टम आदि
3.	मध्य प्रदेश	राजकीय जिला पुस्तकालय, खंडवा	28,03,836/-	भवन निर्माण, सर्वर, फोटोकॉपियर, कंप्यूटर, व्हील चेयर आदि
4.	पुदुचेरी	डॉ. एस आर रंगनाथन राजकीय सार्वजनिक पुस्तकालय, कराइकल	7,10,000/-	भवन का पुनरूद्धार आदि
5.	तेलंगाना	स्टेट सेंट्रल लाइब्रेरी, हैदराबाद	2,37,644/-	ग्रंथ सूची डेटा सृजन / रेट्रो कन्वर्जन आदि
	कुल		**52,56,689/-**	